हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024



07 इधर प्रशासन चुनाव में तो उधर माफिया खनन में ...





08 एसडीएम को निरीक्षण में 27 कर्मचारी,9 गार्ड मिले ...






**लोकसभा क्षेत्र**

दमोह

1 भाजपा प्रत्याशी

राहुल लोधी

2 कांग्रेस प्रत्याशी

तरवर लोधी

**पिछली बार कौन जीता**

प्रह्लाद पटेल

**जीत का अंतर**

3 लाख 53 हजार 411

## क्या रहेंगे मुद्दे?

दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह दमोह में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का ज्यादा असर है। भाजपा राम लहर के सहारे है। कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक और हिंदू- मुस्लिम राजनीति का भी पार्टी को सहारा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और योजनाओं का प्रचार लोगों के बीच किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ पार्टी द्वारा घोषित गारंटियों के सहारे मैदान में है। कांग्रेस ने बुंदेलखंड की खजुराहो सीट सपा को समझौते में दी है। इसकी वजह से काफी तादाद में यादव मतदाता कांग्रेस की ओर जा सकता है। हालांकि मप्र में यादव चेहरा स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए राहुल उप चुनाव में पराजित, जीत की राह में इस बार भी अड़चन बने कांग्रेस के तरवर

# दमोह में दो संबंधियों में सीधा मुकाबला, दोनों हार चुके विस चुनाव

*बुंदेलखंड अंचल की दमोह लोकसभा सीट का मुकाबला इस मायने में रोचक है कि भाजपा और कांग्रेस से दो खास मित्र और संबंधी आमने- सामने हैं। ये हैं भाजपा के राहुल लोधी और कांग्रेस के तरवर लोधी। 2019 में दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत कर विधायक बने थे। डेढ़ साल बाद ही राहुल दल बदल कर भाजपा में चले गए, लेकिन उप चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। अब वे पार्टी की ओर से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। तरवर भी 2023 का विधानसभा चुनाव हार गए थे और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे राहुल की जीत की राह में अड़चन हैं। दोनों संबंधी हैं और अच्छे पुराने मित्र भी। इसलिए भी सभी की नजर इस चुनाव पर है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

भाजपा का नारा है 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', जबकि कांग्रेस कहती है 'कांग्रेस का हाथ, सबके साथ', लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र में दोनों दलों के प्रत्याशियों पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि यह महज नारे हैं, वास्तविकता से इनका कोई नाता नहीं। दमोह क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता लोधी समाज के हैं, इसलिए दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी इसी समाज से उतारे हैं। भाजपा से राहुल लोधी और कांग्रेस से तरवर लोधी।

साफ है कि अब भी चुनावों में जातिवादी राजनीति का ही डंका बजता है और हर दल इस



राहुल लोधी



तरवर लोधी

दलदल में धंसा है। 2004 से 2019 तक इस सीट से भाजपा के लोधी प्रत्याशी चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2004 में चंद्रभान सिंह लोधी, 2009 में शिवराज सिंह लोधी, 2014 और 2019 में प्रहलाद पटेल चुनाव जीते, सभी इसी समाज से हैं। इस बार फिर भाजपा ने लोधी प्रत्याशी दिया है तो कांग्रेस ने भी लोधी मैदान में उतार दिया है। लोकसभा चुनाव में असर की दृष्टि से भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी इस नाते बराबरी पर हैं कि दोनों विधानसभा का एक-एक चुनाव हारने के बाद लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राहुल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं, इसलिए उनसे कांग्रेसी चिढ़े हैं ही, भाजपा के अंदर भी उनका विरोध है। पर दमोह क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी का चेहरा हैं, इसका उन्हें फायदा मिलता दिख रहा है। राहुल को लेकर व्यक्तिगत विरोध अब तक समाप्त नहीं हुआ, लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र भाजपा के मिजाज वाला है, इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के तरवर लोधी का कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। दो विधानसभा क्षेत्रों बंडा और मलेहरा में उनका खास असर है, लेकिन कांग्रेस की बुरी हालत और विधानसभाओं में कम ताकत का उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा की 8 में से 7 सीटों पर भाजपा

विधानसभा सीटों के लिहाज से ताकत में भाजपा बहुत भारी दिखती है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा और सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। कांग्रेस की रामसिया भारती सिर्फ मलेहरा से विधायक हैं। ये भी लोधी समाज से हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र की देवरी, रेहली, बंडा, पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा में भाजपा का कब्जा है। वोटों के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस ने मलेहरा में 21 हजार 532 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा की सात सीटों में जीत का अंतर 2 लाख 77 हजार से ज्यादा है। लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर को कांग्रेस कैसे कवर पाएगी, यह बड़ा सवाल है। हालांकि इनमें से गोपाल भार्गव और जयंत मलैया ने रेहली और दमोह में ही 1 लाख 24 हजार से ज्यादा की लीड ली है। भाजपा के राहुल को यह लीड मिलना मुश्किल है।

### लोधी, अजा, कुर्मी, यादव समाज का दबदबा

दमोह लोकसभा सीट लोधी बाहुल्य मानी जाती है। हालांकि यहां सबसे ज्यादा 5 लाख से ज्यादा वोट अनुसूचित जाति वर्ग के हैं। लोधी समाज के मतदाताओं की तादाद तीन लाख के आसपास बताई जाती है। इनके दम पर ही यहां से लोधी समाज से सांसद बनता आ रहा है। हालांकि कुर्मी समाज के रामकृष्ण कुसमारिया भी दमोह से चार चुनाव जीते। क्षेत्र में कुर्मी समाज के मतदाताओं की तादाद डेढ़ लाख बताई जाती है। यादव मतदाता भी कुर्मियों के बराबर लगभग डेढ़ लाख ही हैं, लेकिन इस समाज से कभी सांसद नहीं बना। क्षेत्र में ब्राह्मण लगभग 1 लाख और जैन समाज के मतदाता करीब 50 हजार बताए जाते हैं। यह भी चुनाव में अपनी भूमिका निभाते है। दलों की नजर सभी समाजों पर लगी हुई है।

### तीन जिलों में फैला है दमोह लोकसभा क्षेत्र

दमोह लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से प्रदेश के तीन जिलों तक फैला है। इसके तहत दमोह जिले की चार विधानसभा सीटें पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा आती हैं तो सागर जिले की तीन सीटें रेहली, बंडा और देवरी। एक विधानसभा सीट मलेहरा छतरपुर जिले में है, यह भी दमोह लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। तीन जिलों में बंटा होने के कारण इस क्षेत्र में किसी एक नेता का असर नहीं है। इसका नतीजा यह कि यहां से बाहरी नेता भी जीतते रहे। 2014 और 2019 का चुनाव जीते प्रहलाद पटेल भी यहां के नहीं, नरसिंहपुर जिले के निवासी हैं। इस बार भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी क्षेत्र से, एक ही समाज के और आपस में मित्र एवं रिश्तेदार हैं। वहीं यह सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में राज्य शासन ने लोकसभा निर्वाचन संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। जिले में तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### 7 और 13 मई को दो चरणों में होगा मतदान

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विस क्षेत्र सीहोर-159 में 265 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 223671 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर भोपाल संसद का चुनाव करेगें। संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अन्तर्गत विस क्षेत्र 156-बुधनी में 363 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 276599 मतदाता और इछावर में 275 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 226913 मतदाता विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेगें। देवास संसदीय क्षेत्र 21 के तहत विस क्षेत्र 157 आष्टा में 335 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 279449 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग करेंगे।

### एक महिला व तीन युवकों ने बाइक और स्कूटी सामने लाकर दिया था वारदात को अंजाम

# फिल्मी स्टाइल में चार लोगों ने स्कूटी और बाइक सामने अड़ाकर की लूट

**रात के समय ढाबे से खाना खाकर पैदल घर लौट रहे दो युवकों के साथ मारपीट कर मोबाइल और नगद रुपए छीनकर भाग गए थे आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

फिल्मी स्टाइल में दो ग्रामीणों के सामने एक महिला सहित चार लोगों ने अपनी स्कूटी और बाइक सामने अड़ा दी। बदमाशों ने दोनों ग्रामीणों के साथ मारपीट कर नगदी 2200 रुपए व मोबाइल छीन लिए। बदमाश इतने में भी नहीं माने और वीडियो वायरल करने के नाम पर 40 हजार रूपये की भी मांग की गई। मामले में पुलिस ने चार में से दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

सनसनीखेज इस मामले की मंडी थाने में 02 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज हुई। जिसमें फरियादी अभिदर्शन राजपूत पिता सूरज सिहं निवासी हडलायखुर्द ने पुलिस को बताया कि मैं व केदार सग्रामपुर रोड ढाबे से खाना खाकर पैदल आ रहे थे। इसी दौरान फिल्मी स्टाइल में रोड पर एक महिला व तीन लड़के स्कूटी व मोटर साइकिल से आए और हम दोनों के सामने स्कूटी व बाइक अड़ा दी। तीनों लड़के हम दोनों से बोले के तुम्हारे पास जो रूपया मोबाइल है वह दे दो। मैंने नही दिया तो चारों ने मेरे साथी केदार सिंह के साथ मारपीट की ओर केदार का मोबाइल 1200 रूपये व मेरा पर्स जिसमें बैक आफ इण्डिया का ATM व पेनकार्ड व 1000 रूपये छुडा कर ले गये। इसके बाद बदमाशों ने वीडियो वायरल करने के नाम पर 40 हजार रूपये की मांग की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी दीपक, चिन्टू राहुल, सोनम के विरूद्ध धारा



392,394,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मंडी निरीक्षक माया सिहं के नेतत्व में टीम गठित की गई। दिनांक 02 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सेवनिया जोड के पास 2-3 लड़के सदिग्ध हालात में खेत में बैठे है। सूचना पर पुलिस के सेवनिया जोड पहुचने पर खेत में बैठे लड़के इधर उधर भागने लगे। जिन्हे घेराबन्दी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम दीपक पिता अचल सिहं मेवाड़ा निवासी छापरीखुर्द व राहुल खेलवाल पिता मदरूप खेलवाल निवासी सेवनिया बताया। जिनसे अपराध के सम्बध में पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर लूट करना स्वीकार किया। आरोपी राहुल से पर्स पेनकार्ड नकदी 700 रूपये तथा आरोपी दीपक से घटना में प्रयुक्त बाइक एंव एटीएम कार्ड जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया जाकर पुलिस रिमाण्ड लिया गया जिनसे अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। साथ ही शेष दो आरोपियों की तलाश जारी है।

### अपहृत नाबालिग को 24 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**सीहोर।** 3 अप्रैल को फरियादी तुलसीराम पिता भूरा बारेला उम्र 35 साल निवासी कुरी नयापुरा द्वारा रिपोर्ट किया कि इसकी नाबालिग लड़की उम्र 13 साल 05 माह को कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना भैरूंदा सीहोर में अपराध क्रमांक 149/24 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं दीपक कपूर एसडीओपी भेरुन्दा के मार्गदर्शन में शीघ्र नाबालिग की दस्तयाबी करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थाना प्रभारी भैरूंदा निरीक्षक जीएस दांगी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका को विधिवत दस्तयाब किया गया और बालिका के कथन के आधार पर प्रकरण में तीन आरोपी के विरूद्ध धारा 366,376(3),120 आईपीसी एवं धारा 3/4 पोक्सो एक्ट का इज़ाफा किया गया, तथा प्रकरण में संलिप्त आरोपी सुरेश पिता दादर सिहं बारेला उम्र 30 साल एवं बाल अपचारी को विधिवत हिरासत लिया जाकर आरोपी को न्यायालय एवं बाल अपचारी को बाल न्यायालय पेश किया गया है।

# नियम विरुद्ध कार्य करने पर शाखा प्रबंधक निलंबित

**आष्टा।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सीहोर की शाखा हकीमाबाद में पदस्थ शाखा प्रबंधक को बिना सक्षम स्वीकृति के कार्य कराने और संतोषजनक कारण न बताए जाने पर बैंक के प्रशासक एवं कलेक्टर के निर्देश अनुसार उनके पद से तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

जानकारी देते हुए बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएन यादव ने बताया कि बैंक की शाखा हकीमाबाद में पदस्थ शाखा प्रबंधक रमेश वारिया द्वारा शाखा में काउंटर फर्नीचर निर्माता फर्म रिया प्लॉय भोपाल को स्वीकृत निविदा एवं वर्क आर्डर अनुसार कार्य राशि का भुगतान किए जाने के बाद भी बिना किसी सक्षम स्वीकृति के अनधिकृत रूप से 13 लाख से अधिक राशि का अतिरिक्त कार्य कराना बताया गया और इस राशि के बिल स्वीकृति लिए प्रधान कार्यालय भेज दिए गए। बैंक द्वारा उनसे इस बाबत स्पष्टीकरण चाहा गया किन्तु उनके द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया।

इस पर बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर प्रवीणसिंह अढायच ने इस अनियमितता पर उन्हें प्रमुख कदाचार का दोषी पाया और कर्मचारी सेवा नियम क्रमांक 47.1 की कंडिका-7 एवं 13 के अंतर्गत दोषी पाते हुए तत्काल निलंबित किए जाने के निर्देश प्रदान किए जिस पर शाखा प्रबंधक वारिया को निलंबित किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए। निलंबन अवधि में वारिया का मुख्यालय शाखा मेहतवाड़ा नियत करते हुए शाखा प्रबंधक के पद पर दयाराम पाटीदार को पदस्थ किया गया है।

# चुनाव बहिष्कार का ऐलानः विरोध दर्ज कराने टंकी पर चढ़े ग्रामीण, जल संकट से हैं परेशान



**सीहोर।** जिले के ग्राम धनखेड़ी के ग्रामीण पेयजल संकट उत्पन्न होने के कारण काफी आक्रोश में हैं। उन्होंने पेयजल संकट दूर नहीं होने की दिशा में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। लोकसभा चुनाव नजदीक आ गए सीहोर के ग्राम धनखेड़ी में पानी का विकराल संकट पैदा हो गया है। शिवराज सिंह चौहान का लोकसभा क्षेत्र है। वहां के ग्रामीणों ने पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं, 15 वर्ष पुरानी पानी की टंकी भी सूखी पड़ी है। गांव के आसपास के जलस्त्रोत भी सूखे पड़े हैं। इसको लेकर ग्रामीण जनों ने लोकसभा चुनाव से मतदान करने का बहिष्कार किया है।

इस बात का ज्ञापन मुख्य चुनाव आयुक्त भोपाल, प्रमुख सचिव मुख्य अभियंता, मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल, कलेक्टर सीहोर कार्यपालन यांत्रिक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सीहोर को ज्ञापन सौंप कर मांग किया कि यदि तत्काल पानी की व्यवस्था हमारे गांव में नहीं की गई तो ग्राम के ग्रामीण जनप्रतिनिधि के खिलाफ पानी नहीं देने का आरोप लगाया है।

ग्रामीण जनता का कहना न सरपंच हमारी सुन रहा है। न हीं जिला प्रशासन हमारी सुन रहे हैं, हम पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इस बात का ज्ञापन ग्रामीण जनता ने चार दिन पूर्व भी सीहोर जिला प्रशासन को सौंपा गया था परंतु आज तक पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीण कहते तत्काल पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो हम पानी की टंकी पर चढ़कर पीएच विभाग के पानी की टंकी पर चढ़कर वहीं से और प्रदर्शन करेंगे और लोकसभा चुनाव सभा चुनाव का मतदान नहीं करेंगे, बहिष्कार करेंगे।

### महुआ बीनने जंगल में पालकों के साथ जा रहे बच्चे, स्कूल लाने के लिए शिक्षक कर रहे प्रयास

# प्रवेश उत्सवः स्कूल की दहलीज तक बच्चों को लाने के लिए शिक्षक छान रहे हैं जंगलों की खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

परीक्षा के बाद 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो गया है, लेकिन स्कूलों में बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को स्कूल की दहलीज तक लाने के लिए शिक्षकों को खासी मशक्कत करना पड़ रही है। खासकर आदीवासी एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्थित बच्चों को स्कूल लाने के लिए शिक्षकों को जंगल-जंगल भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। दरअसल इस समय में महुए का सीजन चल रहा है। पालक अपने बच्चों को लेकर महुआ बीनने के लिए अल सुबह ही जंगल में चले जाते हैं। ओर दोपहर के बाद घर लौटते हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूल आने की मनुहार लेकर शिक्षकों को जंगल में इधर उधर



भटकना पड़ रहा है। शासन के आदेश पर शिक्षा विभाग ने नया शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू कर दिया , लेकिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बेहद ही कम दिखाई दे रही है।स्थिति यह है कि कई स्कूल में जहां बच्चों की उपस्थिति नगण्य है तो कईयों में तो दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। उपस्थिति को लेकर सबसे बदत्तर हालात दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्थित स्कूलों की है। अधिकांश स्कूलों में उपस्थित शून्य देखने को मिल रही है।

दरअसल इस समय महुएं का सीजन है और पालक अपने बच्चों को लेकर महुआ एकत्रित कराने के लिए सुबह से ही जंगल में निकल जाते हैं । ऐसे में इन बच्चों को स्कूल लाने के लिए शिक्षकों को जंगल में इधर- उधर भटकना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा के बाद अधिकांश बच्चे इधर उधर अपने रिस्तेदारों के यहां चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर चिलचिलाती गर्मी में पालक भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने से गुरेज करते हैं। जबकि दूरस्थ जंगल में बसे लोग खासकर आदीवासी गर्मी के समय महुआ, तेंदूपत्ता आदि वन उपज का संग्रह कराने का काम कराते हैं। ऐसे में स्कूल में बच्चों ठहराव व उपस्थिति कैसे बढ़ाएं समझ नहीं आ रहा है। शिक्षक कल्याण सिंह ने बताया कि बच्चों को स्कूल लाने के लिए उन्हें रोजाना जंगल में इधर- उधर भटकना पड़ता है। पालकों से मनुहार भी करते हैं लेकिन इसके बावजूद अधिकांश पालक बच्चों को स्कूल कम ही भेज रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### सलकनपुर देवीधाम मंदिर व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी

**सीहोर।** आगामी 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व मनाया जाना है। जिले के रेहटी तहसील के सलकनपुर में प्रसिद्व देवीधाम मंदिर में नवरात्री पर्व के दौरान बडी संख्या मे श्रद्वालुओं के पहुचने से व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए 7 अधिकारियों को व्यवस्थाए सुनिचित करने के लिए ड्यूटी लगाई जाती है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालन लोक स्वा.यां.विभाग एवं सीईओ जनपद पंचायत बुधनी पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। वहीं अधीक्षक यंत्री विद्युत मंडल बुधनी को विधुत व्यवस्था सुचारू बनाये रखने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नवरात्रि पर्व मंदिर परिसर पर स्थाई रूप से एम्बुलेंस मय डाक्टर्स टीम एवं आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों सहित उपलब्ध रखना सुनिश्चित करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद बुधनी/रेहटी को कार्यक्रम स्थल पर वाहन, फायर फायटर, साफ-सफाई एवं चलित शौचालय इत्यादि व्यवस्थाऐं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से समन्वय कर उपलब्ध करावें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बुधनी मंदिर परिसर में वैरिकेटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।

## सलकनपुर मेले के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति और शिकायतों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर प्रवीण सिंह

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वचन संबंधी सभी कार्य पूरी गंभीरता से और सावधानी पूर्वक समय सीमा में सुनिश्चित करें और निर्वचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे मनोयोग से प्राप्त करें ताकि लोकसभा निर्वचन बिना किसी बाधा के संपन्न कराया जा सके।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी जिला प्रमुखों के एक-एक लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर का प्रथम स्थान बनाए रखने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रयास किया जाये।

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूरी गंभीरता से और सावधानी पूर्वक समय सीमा में सुनिश्चित करें और निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे मनोयोग से प्राप्त करें ताकि लोकसभा निर्वाचन बिना किसी बाधा के संपन्न कराया जा सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत,डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, एसडीएम जमील खान, तन्तय वर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिले में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर सिंह ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उनके कार्यालय के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के निर्देश हैं। इसके लिए उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को समन्वय करने के निर्देश दिए हैं।

### सभी संबंधित उपार्जन केंद्रों का सतत भ्रमण करने के दिए गए निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्यों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होने सभी राजस्व अधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ ही उपार्जन संबंधित आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करें।

### ग्रीष्मकाल में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा बैठक में पीएचई एवं सभी नगरीय निकायों को ग्रीष्म काल में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग द्वारा पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर के लिए बनाए गए कन्ट्रोल रूम का सतत संचालन और प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित ठेकेदार से तुरंत मरम्मत कराई जाए। पीएचई विभाग द्वारा खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम मोबाईल नंबर 8305819150, उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी मोबाईल नम्बर-9425682161, उपखण्ड भैरूंदा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी मोबाईल नम्बर-8959607853, उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी मोबाईल नम्बर 9893544755, उपखंड बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी मोबाईल नंबर 9489803741 जारी किया गया है।

### सलकनपुर मेले के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं

कलेक्टर सिंह ने वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि सलकनपुर क्षेत्र में संचालित होने वाली बसों एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस, बीमा आदि की जांच कर ली जाए ताकि अनफिट वाहन नहीं चलें। सलकनपुर देवी धाम में आयोजित होने वाले मेले के के लिए पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन तथा निर्गम की सुगम व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने इमरजेंसी के लिए फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा मेले के बेहतर प्रबंध के निर्देश दिए।

# आस्था और उत्साह से मनाया जा रहा गणगौर का त्यौहार





**सीहोर।** इस साल भी शहर सहित आसपास के क्षेत्र में गणगौर का त्योहार आस्था और उत्साह से मनाया गया। महिलाओं ने सौलह श्रृंगार कर घरों में एकत्रित होकर गणगौर का पूजन किया। अर्घ्य देकर माता की कहानी सुनी। बाद में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पूजा अर्चना कर अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की। सजी धजी महिलाएं आसपास के मोहल्लों में घरों में जाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं भी दी। अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज और सोनी समाज महिला मंडल के संयुक्त रूप से सामूहिक रूप से शहर के भोपाल नाके स्थित कंचन बाग में झाले देने का क्रम था, गुरुवार को शहर के स्वर्णकार समाज के गार्डन में आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि माहेश्वरी महिला मंडल आभा कासट, सोनी महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता सोनी के मार्गदर्शन में गणगौर का पर्व महिलाओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के भोपाल नाके पर बुधवार को भक्ति भाव के साथ पूजा कर शिव-पार्वती की आराधना की। यूं तो गणगौर राजस्थान में उमंग से मनाई जाती है किंतु यह धीरे-धीरे मालवा क्षेत्र में भी शुरू हो गया। मध्यप्रदेश के हर जिले में महिलाओं के द्वारा पूरी आस्था के साथ गणगौर पर्व मनाया जाता आ रहा है।

### सामूहिक रूप से महिलाओं ने पानी पिलाकर झाले दिए

शहर में अग्रवाल महिला मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल और सोनी समाज महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में गणगौर की पूजा-अर्चना की। पानी पिलाकर झाले दिए। इस दौरान महिलाओं ने गणगौर से घर में सुख-समृद्धि व पति की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर दोहे व गीत गाते हुए महिलाओं ने सामूहिक झाले दिए गए और विभिन्न आयोजन हुए। कंचन बाग में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### कर्मचारी चयन आयोग के आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय (सीएचएसएल) परीक्षा जून और जुलाई में होगी। मंगलवार को आयोग ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। आवेदन से पहले उम्मीदवारों को आयोग की नई वेबसाइट पर जाकर वन-टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) करना होगा।

आवेदन के दौरान उम्मीदवारों को ओटीआर नंबर फार्म में भरना होगा। एसएससी ने 2024 के एग्जाम कैलेंडर में सीएसएसएल परीक्षा 2024 के पहले चरण टियर 1 का आयोजन जून-जुलाई में करने की घोषणा की है।

# प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म कल्याणक पर्व पर जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**सीहोर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर श्री 1008 ऋषभदेव भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव शहर के श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर इंग्लिश पुरा सीहोर में पूरे हर्षोल्लास के साथ सभी समाज जनों के द्वारा मनाया गया। जिसमें प्रातःकाल आदिनाथ भगवान का महामस्तक अभिषेक शांति धारा एवं नित्य नियम पूजन आरती के पश्चात शहर के विभिन्न मार्गो से भगवान को पालकी में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया।

जिसमें समाज के सभी गणमान्य नागरिक महिला पुरुष एवं बच्चे सफेद वस्त्रों में एवं सभी महिलाएं लाल साडिय़ों में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भगवान का महामस्तकाभिषेक ओर शांतिधारा के साथ पूजा अर्चना की गई। जिनके पुण्यार्जक भगवान के प्रथम महामस्त्का अभिषेक एवं प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य डॉ. आर. सी. जैन चाणक्यपुरी को प्राप्त हुआ। भगवान के द्वितीय महामस्त्का अभिषेक सुरेश जैन कोतवाली चौराहा को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य सुनील स्वप्निल जैन चरखा लाइन को प्राप्त चार कलश का सौभाग्य क्रमशः डॉ. आर. सी. जैन अतुल जैन देवेन्द्र जैन धमन्दा वाले और सुनील जैन साहब एलआईसी को प्राप्त हुआ । भगवान की आरती का सौभाग्य डॉ. पंकज जैन ड्रीम सिटी को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात नगर के मुख्य मार्ग से श्री जी की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोग शम्मलित हुए और पुनः मंदिर आकर अभिषेक पूजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में मंदिर जी के पीछे नवनिर्मित संत निवास में स्वाल्पहार का आयोजन किया गया।

# आंवलीघाट पर श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

**सीहोर।** सात अप्रैल को शिव चतुर्दशी एवं 8 अप्रैल को सोमवती अमावस होने के कारण ऑवलीघाट पर स्नान करने के लिए बडी संख्या मे श्रद्वालु पहुंचते है। ऑवलीघाट पर श्रद्वालुओं की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह 06 विभाग प्रमुखों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार लोक स्वा.यां.विभाग सीहोर को ऑवलीघाट पर पेय जल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। वहीं उप महाप्रबंधक विद्युत मंडल बुधनी को विधुत व्यवस्था सुचारू बनाये रखने को कहा हे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्थाई रूप से एम्बुलेंस मय डाक्टर्स टीम एवं आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों सहित उपलब्ध रखना सुनिश्चित करें। जिला होमगार्ड अधिकारी ऑवलीघाट पर नाव एंव SDRF / होमगार्ड की टीम के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बुधनी एवं रेहटी ऑवलीघाट पर वाहन, फायर फायटर, साफ-सफाई एवं चलित शौचालय इत्यादि व्यवस्थाऐं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से समन्वय कर उपलब्ध करावें। मुख्य कार्यपालन जपं बुदनी, रेहटी एवं कार्यपालन यंत्री लोनिवि बुधनी ऑवलीघाट पर रोशनी, CCTV कैमरा इत्यादि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये है कि वो शीघ्र ही ऑवलीघाट पहुच कर अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी बुदनी राधेश्याम बघेल, से निर्देश प्राप्त कर कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा मां कर्मादेवी जयंती महोत्सव : मनीष साहू



**सीहोर।** साहू समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू एवं महिला मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने बताया कि इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की जयंती महोत्सव शुक्रवार को साहू समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, विधायक सुदेश राय, रवि करण साहू अध्यक्ष तेलगानी कल्याण बोर्ड कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, आलोक शर्मा पूर्व महापौर भोपाल, प्रिंस विकास राठौर नगर पालिका अध्यक्ष, सीताराम यादव सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश शासन, सन्नी महाजन वरिष्ठ भाजपा नेता, तुलसीराम पटेल भाजपा नेता, वरिष्ठ समाज सेवीका नमिता अखिलेश राय, समाज सेवीका अरुण सुदेश राय सहित गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन होगा चलसमारोह अध्यक्ष मनीष साहू एवं चल समारोह महिला मण्डल अध्यक्ष सुषमा साहू ने बताया कि स्थानीय जगदीश मंदिर से दोपहर 3 बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर नमक चौराहा होते हुए बड़ा बाजार से मेंन रोड होते हुए जगदीश मंदिर पहुंचेगी, जहां पर मां कर्मादेवी की आरती एवं सांस्कृति कार्यक्रम,सहभोज के साथ आयोजन का समापन होगा। साहू समाज मीडिया प्रभारी धीरज साहू ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवियों,महानुभूतियों, मुख्य अतिथियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा। उक्त आयोजन में सभी नगर वासियों से उपस्थित होने की अपील की गई है। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से रमेश चन्द्र साहू, डॉ.सी.एल.साहू, गिरधर गोपाल साहू, धनराज साहू रामदास साहू, राम बदन साहू लक्ष्मीनारायण साहू (मण्डी), दिलीप साहू,मनोज साहू.साहू समाज अध्यक्ष जितेन्द्र साहू.साहू समाज महिला मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू,चल समारोह अध्यक्ष मनीष साहू ,चल समारोह महिला मण्डल अध्यक्ष सुषमा साहू, सचिव स्वपनिल साहू, युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेश साहू,उपाध्यक्ष नीरज साहू, सहसचिव राज साहू, मीडिया प्रभारी धीरज साहू, कोषाध्यक्ष चेतन साहू, महिला मण्डल सचिव सुनीता साहू, महिला मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, महिला मण्डल कोषाध्यक्ष ऊषा साहू शामिल हैं।

## बीएसआई पर पीपीसीए अकादमी के तत्वावधान में खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी

# एक्सवायर ने पीपीसीएबी को 117 रन के विशाल अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी के तत्वाधान में खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी के तीसरे दिन बुधवार को खेले गए एक मुकाबले में भोपाल की एक्सवायर टीम ने पीपीसीए बी को 117 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच के दौरान प्रतिभाशाली खिलाड़ी निश्चय ने 43 गेंद पर 45 रन की विस्फोटक पारी खेली। बुधवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी एक्सवायर टीम ने 39.3 ओवर में दस विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। इसमें सबसे अधिक रन निश्चय ने 43 गेंद पर 45 रन, प्रीत ने 37 गेंद पर 34 रन, सिद्धांत ने 49 गेंद पर 38 रन, सरांश ने 27 गेंद पर 10 रन, पार्थ ने 23 गेंद पर 12 रन, रुद्रांश ने 10 रन और हर्ष ने 12 रन की पारी खेली। वहीं पीपीसीए बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जय ने सात ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट, चिराग ने आठ ओवर में 47 रन देकर तीन विकेट, यश कुशवाहा ने आठ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट, द्रोण और अर्पित ने एक-एक विकेट हासिल किया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए बी टीम का बैटिंग ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। टीम के शुरुआती पांच बल्लेबाजों ने मिलकर मात्र 45 रन बनाए। टीम के महज दो ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके। इसमें भविष्य ने 44 गेंद पर 10 रन और द्रोण ने 14 रन बनाए थे। इनकी संघर्षपूर्ण पारियों से 22.5 ओवर में दस विकेट खोकर पीपीसीए ने 102 बनाए थे। इधर एक्सवायर टीम की ओर से सरांश सिंह ने चार ओवर में मात्र पांच रन देकर तीन विकेट, धीरेन्द्र ने 5.5 ओवर में 19 रन देकर दो विकेट, निश्चय-सिद्धांत ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# नवोदय स्कूल का प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवोदय विद्यालय समिति ने जेएनवीएसटी कक्षा छठी और नौवीं की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है।

जो छात्र प्रवेश परीक्षा में योग्य घोषित हुए हैं उन्हें सीट सत्यापन और पुष्टि के लिए निवास का प्रमाण, जन्म तिथि का साक्ष्य, जाति प्रमाण पत्र, विकलांग उम्मीदवारों के लिए विकलांगता प्रमाण-पत्र, ग्रामीण कोटा के तहत आवेदन करने वाले छात्रों के लिए माता-पिता को यह पुष्टि करने वाला एक प्रमाण-पत्र प्रदान करना होगा कि बच्चे ने निर्दिष्ट ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्कूल में पढ़ाई की है।

### एक्सीलेंस स्कूल में प्रवेश का आज अंतिम दिन

**सीहोर।** जिला स्तरीय एक्सीलेंस स्कूल में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 5 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पहले 31 मार्च तक आवेदन का मौका दिया गया था। अब विद्यार्थी 5 अप्रैल तक चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में कक्षा 9 वी हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में 240 सीटों पर चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 8 में अध्ययनरत बालक बालिकाएं, एमपी ऑनलाइन पर चयन परीक्षा में शामिल होने के आवेदन कर कसते हैं।

ब्यावरा के सेकनपुर, टोडी एवं कानरखेड़ी में चल रहा रेत का अवैध खनन

# इधर प्रशासन चुनाव में तो उधर माफिया खनन में व्यस्त, जिले भर में घड़ल्ले से चल रही पोकलेन

*तलेन में माफियाओं की मनमानी, चल रही फर्जी रायल्टी रसीदें, सारंगपुर में कपिलेश्वर मेला प्रांगण किया क्षतिग्रस्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जहां प्रशासन पर लोकसभा चुनाव के कारण व्यस्तता बढ़ चली है तो वहीं दूसरी और मौके का फायदा उठाकर अवैध खनन माफिया सक्रीय हो चला है। जिले भर में रेत और मुरम का अवैध खनन बेरोकटोक जारी है। हालात यह है कि खनन माफिया पोकलेन मशीनों के माध्यम से ब्यावरा से लेकर तलेन व सारंगपुर तक अपनी मनमानी करते हुए अवैध खनन करने में लगे हुए हैं। हौंसले इतने बुलंद की धार्मिक स्थलों तक को क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है। ठेकेदार अपनी पर्ची के दम पर अवैध टेक्टर धडल्ले से निकाल रहा है और कोई विभाग चाहे राजस्व हो या फिर पुलिस कोई रोकने को तैयार नहीं। इस तरह जिले भर में रायल्टी के नाम पर शासन को राजस्व को नुकसान उठाना पड रहा है। ब्यावरा ब्लॉक की सुठालिया तहसील में टोढी, सेकनपुर एवं कानरखेडी तो तलेन में शिवालय मंदिर के पास एवं सारंगपुर में कपिलेश्वर मंदिर तीर्थधाम को क्षतिग्रस्त कर खनन जारी है।

### जहां पर बेरोकटोक चल रहा है अवैध खनन

ब्यावरा ब्लॉक की सुठालिया तहसील में टोढी, सेकनपुर, सेमलापार एवं कानरखेडी में लगातार रेत का खनन जारी है। वहीं नरसिंहगढ़ तहसील के तलेन में अमेल-समेल शिवालय मंदिर में पास नेवल नदी में खनन किया जा रहा है और गिंदोंली, चैमा में रेत का वंपर स्टॉक देखा जा सकता है। यही हाल सारंगपुर के है जहां पर खनन माफियाओं ने कपिलेश्वर तीर्थधाम तक को क्षतिग्रस्त कर दिया है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनन माफिया पर विभाग का कंट्रोल तो न के बराबर है बल्कि इसको खुली छूट कहा जाए तो दोराय नहीं।

## माफियाओं ने खोदा नदी का किनारा
### कपिलेश्वर मेला प्रांगण को किया क्षत्रिग्रस्त



सारंगपुर के कपिलेश्वर तीर्थधाम पर आने वाले श्रद्धालुओं सहित प्रत्येक वर्ष लगने वाले कार्तिक मेले का लुत्फ उठाने वाले नागरिकों को अब तीर्थधाम पर कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि घाट निर्माण का भराव करने ठेकेदार ने जिम्मेदार अधिकारियों से मिलीभगत कर बिना परमिशन फिल्टर प्लांट नदी का किनारा खोद अवैध खनन कर दिया है। उल्लेखनीय है कि शहर सहित अंचल में इन दिनों वैध - अवैध निर्माणों बसाहटों में विकास व मूलभूत सुविधाओं के नाम पर राजस्व की चोरी की जा रही है। घाट का बेस बनाने के लिए अवैध रूप से बड़ी मात्रा में मुरम का उपयोग किया जा रहा है। पक्की सड़कें बनाने में बजरी, रेत, बोल्डर व मुरम कहां से आ रहा है। ये बड़ा सवाल है क्योंकि सूत्रों की माने तो यहां व अंचल में किसी भी खदान की लीज राजस्व विभाग द्वारा स्वीकृत नहीं की गई है। बावजूद खनन माफिया यहां सक्रिय है। अफसरों की अनदेखी भी ऐसी है कि लगातार खुदाई व परिवहन के बावजूद यहां किसी भी तरह की कोई जांच नही की जाती है। ठेकेदार और कॉलोनाइजर्स द्वारा सड़कें बनाने के लिए मूरम व बोल्डर आखिर कहां से लाया जा रहा है। ये बड़ा सवाल है।

#### कार्रवाई की जाएगी

आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। मैं अभी संबंधित तहसीलदार को बोलकर जानकारी मंगाती हूं और खनिज विभाग से मिलकर जल्दी ही बडी कार्रवाई की जाएगी।

**गीताजंली शर्मा,** एसडीएम ब्यावरा


#### जांच करेंगे...

आपके माध्यम से मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**संजय उपाध्याय,** एसडीएम सारंगपुर



### ठेकेदारों ने थमाई रायल्टी की पर्ची




*चूंकि शासकीय रायल्टी ऑनलाइन होने लगी है और उसमें वाहन नंबर से लेकर प्रत्येक जरूरी जानकारी होती है। परंतु ठेकेदार की मनमानी तलेन में देखने को मिली जहां पर अवैध रायल्टी पर्ची थमाकर शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।*

डॉक्टर न होने से लौटाए जा रहे मरीज

## बगैर सुविधाओं व डॉक्टर के शुरू हुआ संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजधानी दिल्ली की तर्ज पर शासन द्वारा हर शहरों में संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाने की योजना बनाई गई है। नगरों के वार्डों, एवं कॉलोनियों के लोगों को घरों के पास ही उचित इलाज मिल सके, इसके लिए इन क्लीनिकों का निर्माण करवाया गया है। लेकिन, पिछले दिनों राजगढ़ मुख्यालय एवं सारंगपुर में शुरू हुए क्लीनिक शुरुआत में ही विभिन्न अव्यवस्थाओं एवं स्टाफ की कमी के साथ शुरू कर दिए गए हैं।

राजगढ़ के पुरा क्षेत्र में संतोषी माता मंदिर के सामने बनवाया गया संजीवनी क्लीनिक में डॉक्टर की पदस्थापना ही नहीं की गई है। सिर्फ एक नर्स और सपोर्टिंग स्टॉफ देकर इन्हे औपचारिक शुरू करवा दिया गया है। बुधवार को जब नेस मोहल्ले के कुछ मरीज इलाज के लिए यहां पहुंचे तो उन्हें बगैर इलाज के बेरंग लौटा दिया गया। जब मरीजों ने इस बारे में उपस्थित स्टाफ से पूछा तो जवाब मिला की कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। वे चिकित्सक के ट्रीटमेंट नहीं दे सकते।

### जरूरी पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं

अस्पताल में किसी तरह का कोई मीटर कनेक्शन नहीं लिया गया है। मीटर न होने से चोरी की बिजली से लाइट जलाई जा रही है। जबकि, यह पूरी तरह तरह गैरकानूनी है। इसके साथ ही पीने सहित अन्य कार्यों के लिए जरूरी पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है।

## बस स्टैंड स्थित नपा की व्यवस्था, ठंडे वाटर से सरोकार होंगे यात्री व क्षेत्रवासी

### नगर में पहली बार नि:शुल्क ठंडा मिनरल वाटर



**छापीहेड़ा।** गर्मी के प्रकोप से सुखद राहत मनुष्य को जब मिलती है तब आसानी से सार्थक रूप से शुद्ध ठंडा जल उपलब्ध हो सके भीषण गर्मी में बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को पानी के लिए बस स्टैंड पर इधर-उधर भटकना पड़ता था। दुकानदार भी भीषण गर्मी में पानी के लिए मना कर देते थे। यात्रियों को कोई वस्तु खरीदने पर ही पानी मिल पाता। लेकिन अब नगर में पहली बार छापीहेड़ा नगर परिषद द्वारा स्वच्छता के साथ-साथ निशुल्क एआर वाटर व्यवस्था से प्याऊ को सुसज्जित किया जा रहा है जो बड़े आसानी से ठंडा मिनरल वाटर नगर वासियों के साथ-साथ बाहर से आने जाने वाले सभी यात्रियों को 24 घंटे उपलब्ध मिलेगा।

मुख्य नपा अधिकारी हरिओम शर्मा ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ सबको शुद्ध ठंडा जल आसानी से उपलब्ध हो सके तथा हर एक यात्रियों को गर्मी में राहत भरी सांस मिल सके धूप से बचने के लिए समय-समय पर पूर्ण व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा प्याऊ के आसपास का अतिक्रमण हाटवा कर 12 महीने मिनरल वाटर उपलब्ध कराया जाएगा अब यह प्याऊ 12 महीने संचालित रहेगी ठंडा जल आसानी से मिलेगा अब आने वाले समय में बेतहाशा बढ़ रही गर्मी में लोगों का गला तर करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं होगा लोगों को बोतल का पानी नहीं खरीदना पड़ेगा लोग आसानी से अपनी प्यास ठंडे जल से बुझा सकेंगे उनको बस स्टैंड पर स्थित प्याऊ में आसानी से आरओ का पानी उपलब्ध मिलेगा जिससे नगर वासियों सहित जरूरी कामों से नगर में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आराम से निरूशुल्क शुद्घ पेयजल की सौगात सार्थक रूप से मिलेगी।

### प्रत्येक लोक सेवक पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें : एसडीएम

**सारंगपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष दीक्षित के आदेश अनुसार लोकसभा निर्वाचन हेतु प्रथम चरण का प्रशिक्षण बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण दो पाली में आयोजित किया गया जिसमें 400 लोक सेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर एवं अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण साथ ही समस्त लोक सेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक लोक सेवक को पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए एसडीएम संजय उपाध्याय ने प्रशिक्षण की बारीकी को समझने तथा मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण देने के तरीके को समझने के लिए आधा घंटा तक प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण को परखा प्रशिक्षण प्रभारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी ने बताया कि चुनाव के पूर्व हमेशा प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है ताकि हमारे मतदान दल के सदस्य पूर्ण रूप से चुनाव कराने हेतु दक्ष हो सके बीआरसी बीएल वर्मा ने समस्त प्रशिक्षणार्थी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को चुनाव प्रक्रिया में तटस्थ रहकर पूरी ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी केदार शर्मा की पूरी टीम ने निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र सभी लोक सेवकों को वितरित किए मतदाता जागरूकता के सहायक नोडल नरसिंह शर्मा ने सभी लोकसेवकों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर बबीता मिश्रा कैलाश नागर शिवलाल मालवीय अशोक नागर भगवान सिंह राठौड़ प्रेम सिंह मालवी गणेश शर्मा राजेश नारोलिया दिनेश भूरिया सुरेश अहिरवार प्रीतम गुनवा प्रमिला सक्सेना सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## विहिप की जिला बैठक हुई, श्रीराम जन्मोत्सव सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर बनाई योजना

### 9 से 23 अप्रैल तक होंगे विभिन्न धार्मिक व सामाजिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की जिला बैठक भोपाल बाइपास स्थित अखंड परमधाम आश्रम ब्यावरा पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी छह माह के कार्यक्रमों को लेकर योजना बनाई गई। जिसमें श्रीराम जन्मोत्सव, डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती, दुर्गाअष्टमी, श्रीहनुमान जन्मोत्सव, सीता नवमी, धर्म रक्षानिधि सहित अन्य कार्यक्रम शामिल है। बैठक में श्रीराम जन्मोत्सव इकाई स्तर पर 9 से 23 अप्रैल तक उत्साहपूर्ण मनाए जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को 590 ग्रामों में मनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 14 अप्रैल को डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती संगठनात्मक रुप से ब्यावरा जिले के आठ प्रखंडों पर मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें समरसता के उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, 9 से 16 अप्रैल तक प्रखंड स्तर दुर्गाअष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा, 23 अप्रैल को जिले के प्रत्येक प्रखंड पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके साथ ही 16 मई को मातृशक्ति द्वारा प्रखंड स्तर पर सीता नवमी मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं धर्म रक्षानिधि कार्यक्रम 25 मार्च से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है,जिसमें पूरे जिले से राशि का संग्रहण किया जाएगा,जिसके तहत ब्यावरा जिले के द्वारा दस लाख रुपए की धनराशि संग्रहित करने का लक्ष्य लिया गया है।

**बजरंगदल, विहिप, दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं के लिए सात से दस दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का होगा आयोजन :** अप्रैल माह में बजरंगदल, विहिप, दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं के लिए अलग-अलग जगह सात से दस दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बजरंगल दल का वर्ग प्रशिक्षण 24 अप्रैल से 1 मई तक राजगढ़ में, मातृशक्ति का वर्ग प्रशिक्षण 1 मई से 19 मई तक भोपाल में, दुर्गावाहिनी वर्ग प्रशिक्षण 12 मई से 19 मई तक भोपाल और परिषद वर्ग 6 मई से 16 मई तक वनखेड़ी गोविंदनगर में आयोजित किए जाएगें। बैठक में ब्यावरा, नरसिंहगढ़, पचोर, सारंगपुर प्रखंड की कई प्रमुख घोषणाएं की गई। इस मौके पर विभाग मंत्री कपिल शर्मा, संयोजक राजू मीणा, मातृशक्ति संयोजिका रिंकू सुनेरी, सेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल, विहिप जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मंत्री हर्ष तोमर, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, मुकेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिला सहसंयोजक शैलेन्द्रसिंह, विधि प्रमुख मनीष विजयवर्गीय सहित अन्य जिला व प्रखंड पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भैंसवामाता पहुंचे दिग्विजय सिंह ने माता बिजासन की पूजा कर की प्रार्थना

**पदयात्रा के दौरान धामंदा से श्यामगीघाटा तक 21 किमी की पद यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अब हमारे सामने एक ही रास्ता बचा है। लोकसभा क्षेत्र में 364 से अधिक उम्मीदवार खड़े करें। आसान नहीं है लेकिन मैं प्रयास जरूर करूंगा। जो मित्र ईवीएम के खिलाफ हैं उन्हें मैं राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रण देता हूं। आइये निर्वाचन आयोग को बैलट पेपर से चुनाव कराने के लिए मजबूर करें। हमारी सरकार बनी तो गरीब महिला एवं स्नातक पास



युवाओं को 1 लाख रुपये मिलेगी। सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ होगा। आज मैंने पदयात्रा के दौरान देश की सुख समृद्धि के लिए भैंसवामाता के दरबार में पहुंचकर प्रसिद्ध एवं प्राचीन मां बिजासन की पूजा अर्चना की है और माता से प्रार्थना की है कि शक्ति दो मां, निर्बल की शक्ति बन सकूं, बेसहारों का सहारा बन सकूं। अन्याय के खिलाफ लड सकूं, न्याय की स्थापना करवा सकूं, सबको बराबरी का हक दिला सकूं। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी वादा निभाओ पदयात्रा के चैथे दिन अपनी 21 किमी पदयात्रा करते हुए लीमाचौहान में नुक्कड़ सभा के दौरान कही। उन्होंने इसके पहले धामंदा में रात्रि विश्राम किया और बुधवार सुबह गांव के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अपनी शुरु की जो ग्राम घट्टिया, अरन्या होते हुए भैंसवामाता के दरबार पहुंची जहां सिंह ने माता बिजासन की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रार्थना की।

## पशु पक्षियों को दाना पानी भर सकोरों से जीवन दान देने आई शारदा जागृति महिला समिति



**गुना।** गुना के साथ-साथ जिले भर में भीषण गर्मी पड़ने लगी है, मनुष्य की प्यास बचाने के लिए प्याऊ लगने लगी है, वहीं आमजन के साथ-साथ बेजुबान पशु पक्षियों की प्यास बुझाने में अब महिलाएं सकोरे रखने के जरिए आगे आ रही हैं, इसके साथ ही कई महिलाएं अपने-अपने घर की छत पर दाना पानी भी डालते नजर आ रही हैं। शारदा जागृति महिला समिति की संस्थापक सुनीता अग्रवाल अध्यक्ष सपना शर्मा ने समिति की सभी बहनों को सकोरे देकर सभी को पशु पक्षियों के लिए पानी व दान रखने के लिए प्रेरित किया। सभी को संदेश देते हुए कहा कि यह प्रेरणा हमारे पूर्वजों से आई है वह सभी से आग्रह किया कि सभी पशु पक्षियों के लिए दाना पानी अपनी छत पर अवश्य रखें।

## 'सामाजिक संपर्क से जीतेंगे लोकसभा का रण'

### भाजपा ने बनाई रणनीति, लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक संपर्क के माध्यम से बढ़ाएंगे मतदान प्रतिशत, बैठक का हुआ आयोजन



**ब्यावरा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मिशन 400 को लेकर पूरी तैयारियां कर ली हैं। जहां भाजपा गांव गांव अपने अभियानों संपर्कों को पहुंचकर अपने आप को मजबूत करने में जुटी हुई है। वहीं सभी समाजों को साध कर चुनाव को जीतने की योजना बना चुकी है। मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय में भाजपा की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें लोकसभा क्षेत्र के सभी जाति, समाज के लोगों की बैठक करने और समाज प्रमुखों के माध्यम से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और प्रत्येक बूथ पर 370 अधिक वोट का मतदान भाजपा के पक्ष में कराने पर चर्चा की गई। बैठक में सामाजिक संपर्क के लोकसभा प्रभारी जगदीश मीणा, दिलवर यादव, पवन कुशवाह उपस्थित रहे। जिन्होंने लोकसभा की सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों के साथ योजना बनाई।

### घर-घर पहुंचाएंगे पीएम मोदी का संदेश

बैठक में लोकसभा प्रभारी जगदीश मीणा एवं दिलवर यादव ने कार्य की योजना बताते हुए कहा कि हमें समाज प्रमुखों के माध्यम से प्रत्येक समाज के घर घर तक मोदी जी का संदेश पहुंचाना है। प्रधानमंत्री आज विश्व नेता है। विश्व भर में लोग उन्हें पसंद करते है एवं सशक्त नेता मानते हैं। उन्होंने देश के हर तबके हर समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किये है। उनका संदेश हमें हर मतदाता तक पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कराना है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सीएमओ खुजनेर के सतत प्रयास

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए नपा का जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - खुजनेर

मतदाताओं को जागरूक करने एवं शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाने में लगे खुजनेर सीएमओ एवं नगरपरिषद का स्टाफ लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बुधवार को भी सीएमओ उमेश शर्मा ने आचार संहिता का पालन करते हुए एवं चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान करने को लेकर बताया। नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नप कर्मचारी बोलते नजर आए सारे काम छोड़ दो ,सबसे पहले वोट दो के नारे लगाते हुए चल रहे थे । आगे भी स्वीप प्लान के अंतर्गत प्रति सप्ताह नई नई गतिविधियाँ आयोजित कर नागरिको को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है तथा आगे भी जागरूक किया जायेगा नागरिको को चुनाव का पर्व - देश का गर्व बताते हुए प्रेरित किया। वहीं कर्मचारी नपा प्रांगण से सांवलिया मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग जीरापुर रोड होते हुए नगर पालिका कार्यालय पंहुचे इस अवसर पर रामप्रसाद यादव भूपेंद्र लोहिया अमित यादव राजेंद्र यादव सहित समस्त नपा कर्मचारी उपस्थित थे।




### स्वीप प्लान के अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने दिलाई शपथ

ब्यावरा नगर में भी स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज 02 अप्रेल 2024 को नगर पालिका परिषद ब्यावरा द्वारा नागरिकों को मतदान अधिक से अधिक हो इस हेतु मतदाता जागरूकता के लिये मतदान क्रमांक 71 एवं 72 के मतदाताओं की जागरूकता के लिए रैली निकाली गई तथा रैली उपरान्त सीएम राईज स्कूल नवीन भवन में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रम के दौरान रईस खांन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रूपेश कुमार नेताम उपयंत्री, योगेन्द्र सिंह सौलंकी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक, गिरधरगोपाल डरोले, एवं सीएम राईज स्कूल के प्रचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राए सहित अन्य कर्मचारीगण एवं आम नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अभय, वेदांश रोशन का हुआ नवोदय में चयन





**कोठरी।** क्षेत्र के शांतिनिकेतन हाई स्कूल निपानिया कला से तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा छटी में श्यामपुर के लिए हुआ है। जिसमें अभय परमार को पूरे सीहोर जिले में फर्स्ट रैंक प्राप्त हुई है। स्कूल के तीन बच्चे अभय परमार, वेदांश परमार और रोशन वर्मा को सभी ने उज्वल भविष्य की कामना की और बधाई प्रेषित की गई।

### फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**जावर।** पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में 4 अप्रैल 2024 को थाना जावर के 2015 से लगभग 9 साल से फरार स्थाई वारंटी संतोष मालवीय पिता उमराव सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी टिगरिया थाना जावर को उप नि राजू मकोड़, प्रआर अर्जुन वर्मा,आर ज्ञानसिंह, सै कैलाश, द्वारा मुखबिरी लगाकर गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### कृषि उपज मंडी का बिगड़ा ढांचा सुधारना एसडीएम के लिए बड़ी चुनौती

# एसडीएम को निरीक्षण में 27 कर्मचारी,9 गार्ड मिले नदारद, एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

उपज मंडी में सालों से जमे कर्मचारीयो के चलते नहीं सुधर रहा मंडी का ढर्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सीहोर जिले की सबसे बड़ी आष्टा कृषि उपज मंडी का कार्यालय विगत कई महीनो से एक नहीं अनेकों मामलों में चर्चा का विषय बना हुआ है इस कार्यालय से एक नहीं कई तरह की शिकायत मिल रहीं है लेकिन कार्यवाही के अभाव में यह की अवस्थाओं का शिकार किसान होता है और हालत इस मंडी कार्यालय में वर्षो से जमे अधिकारी अपनी मनमानी और संदिग्ध कार्यप्रणाली से आष्टा मंडी की छवि धूमिल कर मलाई खाने में व्यस्त है! ऐसे में अब इस मंडी के बिगड़े ढांचे पर नवागत एसडीएम स्वाति उपाध्याय की नजर पड़ गई है और और मंडी के इस बिगड़े ढांचे को सुधारने का दावा करते हुए लगातार दो दिनों से मंडी पहुंच कर व्यवस्था में सुधार कर प्रयास कर रही है।

### 49 में से 27 कर्मचारी मिले नदारद नोटिस जारी कर काटा वेतन

नवागत एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी श्रीमती स्वाति उपाध्याय ने जहा बुधवार को नीलामी बंद होने पर व्यापारियों से चर्चा की तो वहीं लगातार दूसरे दिन अचानक एसडीएम आष्टा कृषि उपज मंडी कार्यालय पहुंच गई तथा कार्यालय में सचिव कक्ष में बैठकर उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान मंडी कार्यालय की बड़ी पोल उजागर हुई। यह के उपस्थिति रजिस्टर में आष्टा कृषि उपज मंडी कार्यालय के लगभग 27 कर्मचारियों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए, जिससे एसडीएम को यह समझने में जरा भी देर नहीं लगी की यह 27 कर्मचारी अनुपस्थित है। ऐसे में तत्काल एसडीएम ने मंडी सचिव श्रीमती प्रवीण चौधरी को निर्देश दिए कि इन सभी को नोटिस जारी किया जाए तथा इनका एक दिन का वेतन भी काटा जाए।



एसडीएम ने मीडिया से चर्चा करते हुऐ यह भी बताया की 9 गार्ड भी मौजूद नहीं पाए गए जिनकी जानकारी स्वयं मंडी सचिव प्रवीन चौधरी तक को नहीं है।

### उपज मंडी में वर्षों से जमा कर्मचारी बेलगाम, कैसे सुधरेगा बिगड़ा ढांचा

मंडी कार्यालय पर जमे कर्मचारियों पर नज़र दौड़ाई जाए तो इस कार्यालय में ऐसे कई कर्मचारी है जिनको यह जमे हुऐ वर्षो हों गए है जिसके चलते भी मंडी का यह बिगड़ा ढांचा नही सुधर रहा है वहीं मंडी कार्यालय के रिकॉर्ड पर नजर डाले तो यह कूल 49 कर्मचारियों सहित 40 गार्ड कार्यरत है लेकिन सूत्रो से जानकारी है यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित है बाकी यह गार्ड कहा है इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है लिहाजा इसके पीछे एक अलग ही खेल चल रहा है जिस पर शायद नवागत एसडीएम की नजर पड़ गई है और औचक निरीक्षण में 49 कर्मचारियों में से बड़ी संख्या में 27 कर्मचारी और 40 गार्डों में से 9 गार्ड के कोई अते पते नजर नहीं आए! और इसमें एक बडा कारण यह भी है की जिम्मेदार का इन कर्मियों पर कोई नियंत्रण नही होने है जिसके चलते इस सरकारी कार्यालय को धर्मशाला समझ कर मदमस्त रहते है इनकी मर्जी होती है तब आते है,मर्जी होती है तब चले जाते है,जिसकी जो जिम्मेदारी है,जो विभाग सौपा है वो उस कक्ष में मिल जाये ये बड़े किस्मत की बात होती है। कई बार मंडी में कोई पीड़ति आता है या उसे कोई जानकारी लेना हो तो उसे इधर से उधर भटकाया जाता है। मंडी में ऐसी कोई व्यवस्था,कक्ष,नही है जहाँ पीड़ति जा कर अपनी समस्या बता सके उसे वहां से हल मिल सके। लिहाजा जिस नामी मंडी में भर सीजन में जिस समय पैर रखने की जगह नही हो उस सीजन में पूरी व्यवस्थाए देखने वाले कार्यालय से 27 कर्मचारी नदारत हो इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है की उस मंडी की सचिव कितने जिम्मेदार होगी.? क्या इस ओर मंडी बोर्ड के जिम्मेदार समय से मामले को संज्ञान में लेंगे या फिर ऐसे ही जिम्मेदारों के कारण किसान परेशान होता रहेगा?

# शिवखेड़ी में 9 अप्रैल से श्री शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समीपस्थ ग्राम शिवखेड़ी में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा 9 अप्रैल से समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित की गई है।श्रीमद भागवत कथा श्रवण कराने हेतु पंडित रामकृष्ण उपाध्याय रामजी मखावद वाले पधार रहे हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम शिवखेड़ी में 9 अप्रैल मंगलवार को हेमाद्रि , गणेश पूजन एवं कलशयात्रा के पश्चात मंडप प्रवेश होगा। बुधवार 10 अप्रैल को अग्नि स्थापना एवं हवन तथा पूर्णाहुति,महाप्रसादी तथा भंडारा 15 अप्रैल को होगा। पंडित रामकृष्ण उपाध्याय प्रति दिन दोपहर 12 से 3 बजे तक श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे। उक्त आयोजन में यज्ञाचार्य पंडित महेंद्र नागर कुंवर कोठरी, पंडित वीरेंद्र नागर कुंवर कोठरी, पंडित कन्हैयालाल व्यास नौगांव बापचा, पंडित मोहित शर्मा व ग्राम पुरोहित पंडित धीरेन्द्र शुक्ल सहयोगी रहेंगे। ग्राम शिवखेड़ी के आयोजकों ने सभी से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# खाचरोद में सात दिवसीय भागवत कथा का हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद में राजपूत कछावा परिवार द्वारा सात दिवसीय पितृ मोक्ष श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तृतीय दिवस कथावाचक पंडित रितेश कृष्ण शर्मा ने कहा कि जीवन में चाहे सुख हो या दुख हो हमें सभी परिस्थितियों का सामना करना चाहिए ना दुख से अधिक दुखी होना चाहिए ना खुशी के समय में अधिक खुश होना चाहिए, यह जीवन के दो पहलू हैं। आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय का अभाव है। लोग भक्ति भाव से दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि अधिकांश घरों में आशांति फैली हुई है। सुख शांति के लिए हमें भगवान के शरण में आना चाहिए। भजन कीर्तन करने के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। इससे हमारा मन शांत रहेगा तथा धार्मिक कार्य में मन लगेगा। अच्छे कर्म ही मुक्ति की ओर ले जाते हैं। निष्पक्ष भाव से हमारे द्वारा की गई भगवान की भक्ति हमें बहुत सागर से पार कर सकती है। वहीं उन्होंने शिव पार्वती विवाह के बारे में विस्तार से बताया व धुर्व चरित्र के बारे में कहा कि धूर्व को बारह अक्षर के नाम ॐ नमो भगवते वासुदेवाय के द्वारा ईश्वर की प्राप्ति हुई। इस मौके पर कथा में बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

### उपार्जन केंद्रों पर मानक खरीदी के लिए दल गठित

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर भारत सरकार द्वारा जारी एक समान विनिर्दिष्टिया अनुसार गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा हरा है। जिसकी गुणवत्ता का परीक्षण प्रथम स्तर पर उपार्जन एजेंसी द्वारा नियोजित सर्वेयर द्वारा किया जाता है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन मे गुणवत्ता संबंधी समस्या निर्मित न हो एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार गेहूं उपार्जन किया जा सके, इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर FAQ मानक की खरीदी कराए जाने के लिए प्रत्येक केन्द्रवार 03 सदस्यीय दल गठित किया गया है जो प्रत्येक केन्द्र पर गठित तीन संदस्यीय दल गेहूं उपार्जन मे गुणवत्ता FAQ मानक की खरीदी निर्धारित स्पेसिफिकेशन की भौतिक, मानव संसाधन, तौल-कांटा अन्य सुविधाओं प्रत्येक केन्द्र पर संचालन की व्यवस्था सुचारू बनाये रखेगें।

### ईदगाह कमेटी की बैठक आयोजित



**आष्टा।** ईद उल फितर की नमाज ईदगाह और अन्य मस्जिदो में समय की पाबंदी के साथ अदा की जाए। जिसको लेकर पूर्व शहर काजी सरपरस्त फजले बारी आरिफ की सदारत में ईदगाह कमेटी द्वारा आयोजित मीटिंग फजले बारी आरिफ के निवास पर शहरकाजी चांद हाफिज की उपस्थिति मे संपन्न हुई। जिसमें यह तय किया गया कि ईदगाह मे नमाज 7.30 पर जामा मस्जिद किला मस्जिद जुम्मापुरा मरकस मस्जिद शाहजहानी 7.45 पर मस्जिद काजीपुरा मस्जिद नूरानी नया बस स्टैंड मस्जिद बिलाल लंगापुरा में 8 बजे अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाफिज बब्बन ने बताया कि ईदगाह सहित अन्य मस्जिदो में समय की पाबंदी के साथ नमाज अदा की जाएगी। इस मीटिंग मे मुख्य रूप से पूर्व शहर काजी फजले बारी आरिफ शहरकाजी चांद मियां ,मुफ्ती लईक, मुफ्ती हमीद, मुफ्ती नवेद, मुफ्ती एजाज , मुफ्ती फहीम, मुफ्ती उमर एवं ईदगाह कमेटी के सभी सदस्य शामिल रहे।

# देश को लूटने वाले आज कई लोग जेल के अंदर हैं: शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अदभुत भारत का निर्माण हो रहा है। आज मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल में जितना मान सम्मान और इज्जत विदेशो में भारत को मिली है, इसके पहले कभी कांग्रेस के जमाने में भारत देश को मान, सम्मान,इज्जत मिलना तो दूर कांग्रेस के जमाने मे विदेशों में भारत को घपलों ओर घोटालों के रूप में पहचान बनी थी। राहुल बाबा जब आपकी कांग्रेस की सरकार के जमाने मे जब भारत का व्यक्ति विदेश जाता और वह अपना परिचय देता कि मैं हिंदुस्तान से आया हूं तब वहां रहने वाले कहते थे अच्छा घपलों ओर घोटालों का भारत।

कांग्रेस की सरकार में जो घपले और घोटाले हुए थे,उसके कारण कांग्रेस ने देश को विश्व मे बदनाम कर दिया था। क्योंकि कांग्रेस ने भारत को लूटा था उसका मान सम्मान उसकी इज्जत को गिराया था यही कारण है कि आज इस देश को लूटने वाले कुछ लोग जेल में है और कुछ लोग जमानत पर बाहर है उक्त उदगार मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी शिवराजसिंह चौहान ने आज देवास लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आष्टा विधानसभा के सभी 335 बूथों के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्थानीय मानस भवन में आयोजित



उक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहे।

शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि मोदी जी का साफ़ कहना है जिसने इस देश को लूटा है, इस देश की जनता का पैसा लूटा है, उसे एक-एक पैसा वापस करना होगा। जनता का धन है उसकी खून पसीने की कमाई है जो खाएगा वह जेल जाएगा यह नया भारत का नया युग है। शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि 500 साल से हिंदुस्तान का प्रत्येक राम भक्त भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा रामलाल के मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहा था ।500 साल का देखा सपना पूरा हुआ है और अयोध्या में भव्य दिव्य राम मंदिर बनाकर निर्माण हुआ है आज पूरा देश खुश है। राम मंदिर के निर्माण के बाद भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण कांग्रेस को भी मिला था। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकरा दिया क्योकि उसके फूटे भाग्य में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा देखना था ही नही। शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से पूछा बताओ कांग्रेस को जाना था कि नहीं जनता ने एक स्वर में कहा जाना था तब शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैसे जाते जब विनाश काले विपरीत बुद्धि हो जाती है तब ऐसे ही निर्णय लिए जाते हैं। आज भारत में मोदी जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है ।कई मंदिरों का निर्माण हुआ है। कांग्रेस कहती है मंदिरों का निर्माण करना सरकार का काम नहीं तो क्या सरकार का काम पाप करना है,बताये कांग्रेस.? आज बेटे बेटियों में कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। हर बहन शक्ति का रूप है। हर बेटी में साक्षात देवी का रूप नजर आता है।

आज भ्रष्टाचार मिटाने के लिए भ्रष्टों पर कार्रवाई करने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में पूरा एनडीए एक है। वही सारे भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन के रूप में जो कहीं की ईंट कही का रोड़ा-भानमती का कुनबा जोड़ा के रूप में नजर आ रहे है। कार्यकर्ता सम्मेलन के पूर्व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आष्टा आगमन पर कॉलोनी चौराहे से मानस भवन तक रोड शो हुआ जिसमें रोड के दोनों और बड़ी संख्या में उपस्थित लाडली बहनाओं ने अपने लाडले भैया शिवराज सिंह चौहान पर गुलाब की पंखुड़ियां वर्षा कर उन पर स्नेह की बरसात की। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में आज विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के प्रयासों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अनेकों ग्रामों से लगभग 200 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। सभी नये आये कार्यकर्ताओं का पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा का अंग वस्त्र पहनकर उनका स्वागत और सम्मान किया।

# पीपल के पेड़ की पूजा के साथ सुहागन महिलाओं ने किया दशा माता का व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

हिंदू संस्कृति में व्रतों का बहुत महत्व बताया गया है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जो दशा माता की पूजा करता है, उनके निमित्त व्रत करता है, उसके जीवन में आ रही परेशानी दूर हो जाती है, दशा सुधर जाती है. इस व्रत को करने से घर की दरिद्रता भी दूर हो जाती है। दशा माता के व्रत में कच्चे सूत के साथ पीपल के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन सुहागन महिलांए अपने घर की दशा सुधारने के लिए यह व्रत करती है।

जिससे घर पर आई विपदा व सारी समस्याएं दूर हो जाती है। घर में सुख एवं समृद्धि आती है। बताया जाता है कि इस व्रत में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह व्रत चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को किया जाता है। सुहागिन महिलाएं यह व्रत अपने घर की दशा सुधारने के लिए करती हैं। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार इस दिन महिलाएं व्रत-पूजन करके गले में एक खास डोरा पहनती है, ताकि घर-परिवार में सुख-समृद्धि, शांति, सौभाग्य और अपार धन संपत्ति बनी रहे।पीपल पूजा का क्रम तड़के ही शुरू हो जाएगा। सूत लपेटने के साथ ही छाल को धन के रूप में सहेजा जाता है।

### महिलाओं ने व्रत रखकर पीपल के पेड़ से धागा बांधकर की दशा माता की पूजा-अर्चना

# महिलाओं ने की दशा माता से घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को महिलाओं ने दशा माता की पूजा अर्चना की और घर में सुख समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में स्थित पीपल के पेड़ से धागा बांधकर पूजा की। गुरुवार को देशभर में दशा माता पर्व मनाया गया। इस दिन महिलाएं दशा माता की व्रत रखकर पीपल के पेड़ से धागा बांधकर पूजा अर्चना करती हैं और परिवार में सुख समृद्धि रहे ऐसी कामना करती है। दरअसल शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित अमित तिवारी ने बताया है कि मान्यता है कि ऐसा करने से सभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है और घर के सदस्यों की उन्नति होती है। लेकिन अगर आप साल भर तक इसको धारण नहीं कर सकते तो वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष में कोई भी अच्छा दिन देखकर माता के चरणों में अर्पित कर सकते हैं। आज सुबह 5 से महिलाएं व्रत रखकर गायत्री मंदिर, शनि मंदिर, शंकर मंदिर ,बंजारी माता मंदिर, राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंची और पीपल के पेड़ से धागा बांधकर विधि विधान से पूजा अर्चना की पूजा का क्रम दिन में दोपहर तक भी जारी रहा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मानस भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के समक्ष क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर के नेतृत्व में विजेन्द्रसिंह ठाकुर अरनिया जौहरी सहित सैकडो की संख्या में कांग्रेसजनो ने भाजपा पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर पधारे समस्त अतिथियों ने समस्त कार्यकर्ताओ का जोरदार स्वागत किया। शामिल हुए सदस्यों में प्रमुख रूप से विजेन्द्रसिंह अरनिया जौहरी, कुलदीपसिंह ठाकुर मुगली, सुरेन्दसिंह पटेल मांडली पूर्व सरपंच, इन्दरसिंह, महेन्द्रसिंह, उदयसिंह, अरूणसिंह, सूरजसिंह, चन्दरसिंह, चम्पालाल सोलंकी, देवेन्द्रसिंह भाटी, महेन्द्रसिंह भाटी, अजेन्द्रसिंह ठाकुर, विरेन्द्रसिंह ठाकुर,, अरविंदसिंह ठाकुर ग्राम पाडलिया, धमेन्द्रसिंह ठाकुर, लोकेन्द्रसिंह, धीरजसिंह, राजपाल पटेल, अर्जुनंसिह, दुर्गेशसिंह ठाकुर ग्राम लसुडलियापार सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।